हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 पटाखा बाजार में नियमों की अग्निपरीक्षा पिछले साल टेंट में लगी थीं ...



07 दीपावली पर कार्बाइन गन, पोटाश गन प्रतिबंधित, आदेश हुआ...



खबर संक्षेप

निर्माण, भंडारण को लेकर आदेश किए जारी

सीहोर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत दीपावली पर्व के दौरान जिले में लोक शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित पटाखों, आतिशबाजी, कैल्शियम कार्बाइड गन तथा गैस द्वारा धमाका करने वाले अन्य खतरनाक उपकरणों के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय एवं वितरण पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार अस्थायी लाइसेंसधारी पटाखा विक्रेताओं को स्थानीय निकायों द्वारा निर्धारित एवं चिह्नित स्थानों पर ही दुकानें लगाने की अनुमति होगी। अन्य स्थानों पर पटाखों का भंडारण एवं विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व मंत्री शिविर में करेंगे जनसंवाद

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शुक्रवार, 30 अक्टूबर को सीहोर जिले के ग्राम महोड़िया पहुंचेंगे। राजस्व मंत्री वर्मा दोपहर 12 बजे भोपाल से रवाना होंगे और दोपहर 1 बजे ग्राम महोड़िया पहुंचेंगे। मंत्री वर्मा यहां मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में शामिल होंगे तथा ग्रामवासियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

आष्टा विधायक के '18 में 10 सदस्य खरीदने' के बयान पर सियासी घमासान जारी

सज्जन वर्मा बोले: उन्होंने बीजेपी से सीख ली है वोट चुराने और खरीदने की ट्रेनिंग

विवादित बयान पर कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने निशाना साधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले की आष्टा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान सदस्य खरीदने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासत पूरी तरह गरमा गई है। इस विवादित बयान पर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी निशाना साधा है। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधियों ने भी विधायक के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उनसे खरीदे गए सदस्यों के नाम सार्वजनिक करने की मांग की है।

कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के वायरल बयान पर कहा कि गोपाल सिंह हमारे छोटे भाई जैसे हैं। असल कहानी यह है कि कांग्रेस ने उन्हें तीन बार टिकट दिया था, लेकिन जब वे हार गए तो भाजपा के संपर्क में आ गए। सज्जन वर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने बीजेपी से वोट चुराने का तरीका सीख लिया है और भाजपा को ऐसे ही लोगों की जरूरत होती है जो वोट चोरी के हथकंडे जानते हों और भ्रष्टाचार की काली कमाई से लोगों को खरीदना जानते हों। वर्मा ने आगे कहा कि गोपाल सिंह ने आज यह सिद्ध कर दिया है कि उनकी बीजेपी में खरीद-फरोख्त की ट्रेनिंग पूरी तरह पक्की हो चुकी है, तभी तो बीजेपी ने उन्हें कांग्रेस से अपने पाले में ले लिया।

नाम सार्वजनिक करें विधायक

विधायक के उस दावे पर कि उन्होंने 18 में से 10 सदस्य खरीद लिए थे, अब जिला पंचायत के सदस्य प्रतिनिधियों की तरफ से भी प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। जिपं सदस्य शंकर पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आष्टा विधायक जी इस तरह से पूरे सदन को बदनाम मत कीजिए। हम अपने वोट नहीं बेचते और न ही किसी सदस्य ने आपसे पैसे लिए हैं। यदि आपने वाकई पैसे दिए हैं तो विधायक जी को उन सदस्यों के नाम सार्वजनिक करने चाहिए।

क्या था पूरा मामला

जुलाई 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव बेहद प्रतिष्ठापूर्ण रहा था। कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हुए गोपाल सिंह इंजीनियर ने इस मुकाबले में 11 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस समर्थित शशांक सक्सेना को 6 वोट मिले थे। बाद में 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक बनने के बाद गोपाल सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। अब हाल ही में सामने आए एक वीडियो में उनके द्वारा यह कहे जाने पर कि उन्होंने अध्यक्ष बनने के लिए सदस्यों को खरीदा था, राजनीतिक गलियारों में खलबली मची हुई है। हालांकि विधायक गोपाल सिंह इस पूरे विवाद को महज एक हंसी-मजाक बताकर खारिज कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और जिला पंचायत जनप्रतिनिधियों के तेवरों से यह मुद्दा फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है।

हमें तो नहीं मिले पैसे

वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा के पति सुरेंद्र मेवाड़ा ने इस मामले पर दो टूक कहा कि उन्हें ऐसा कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि विधायक जी ने आखिर किसे पैसे दिए हैं, यह वही बेहतर बता सकते हैं, इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है।

जमीन के पट्टे के विवाद ने ली किसान की जान

घर में घुसकर लाठी-तलवारों से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की भेरूंदा तहसील के लाचोर गांव में जमीन के पट्टे की लिखा-पढ़ी को लेकर हुआ एक मामूली सा विवाद इतने खूनी संघर्ष में बदल गया कि एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया। मंगलवार रात को घर में खाना खा रहे 50 वर्षीय किसान रामद्वार मेहर पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह किसान की मौत हो गई। इस हमले में किसान के बेटे का कान कट गया और चार साल की मासूम पोती का पैर तक टूट गया। मृतक के बेटे अरुण के अनुसार गांव में इन दिनों जमीन के पट्टे बनने का काम चल रहा है। पिछले दिनों 26 अक्टूबर को पटवारी गांव आए थे और पट्टे के कागजात की लिखा-पढ़ी हो रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद संतोष के साथ धक्का-मुक्की की बात पर हल्का सा विवाद हो गया था। संतोष उम्र में उनसे बड़ा था, इसलिए उन्होंने सम्मान के खातिर बात वहीं खत्म कर दी और घर लौट आए। घर आकर उन्होंने अपने पिता रामद्वार को पूरी बात बताई, जिन्होंने बाद में संतोष को समझा-बुझाकर मामला शांत कराने की कोशिश की थी। लेकिन आरोप है कि इसी बात की खुन्नस मन में रखकर आरोपियों ने तीन दिन बाद खूनी साजिश रची।

घर में घुसकर बरसाए लाठी-डंडे और तलवारें

परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात परिवार अपने घर पर मौजूद था और 50 वर्षीय रामद्वार मेहर खाना खा रहे थे, तभी संतोष, उसका बेटा रितेश, बलराम और दुर्गेश समेत कई अन्य लोग हाथों में लाठी-डंडे और तलवारें लेकर उनके घर में घुस आए। हमलावरों ने बिना किसी बात का मौका दिए रामद्वार पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। बीच-बचाव करने आए परिवार के बाकी सदस्यों को भी नहीं बख्शा गया। इस खूनी तांडव में मृतक के बेटे अरुण का एक कान कट गया, जबकि उनकी चार साल की मासूम बेटी का पैर टूट गया। इसके अलावा रामद्वार की पत्नी और बेटी को भी गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने घर में जमकर तोडफ़ोड़ भी की।

चौकी से नहीं मिली मदद

इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली सवाल खड़े किए हैं। बेटे अरुण का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद वह भागकर गांव के पास स्थित लाडक़ुई पुलिस चौकी गए थे, जब वह मदद मांगने पहुंचे, उस वक्त भी हमलावर उनके घर में तांडव मचा रहे थे। अरुण के मुताबिक चौकी पर करीब पांच पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने तुरंत मदद भेजने या मौके पर जाने के बजाय उन्हें भेरूंदा थाने जाकर शिकायत करने की सलाह देकर टरका दिया। परिजनों का दर्द है कि अगर पुलिस थोड़ी भी तत्परता दिखाती और समय पर पहुंच जाती तो शायद आज उनके पिता की जान बच सकती थी। दूसरी ओर लाडक़ुई चौकी प्रभारी राजेश यादव का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आक्रोशित कोटवारों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लंबित मांगे पूरी नहीं होने से आक्रोशित कोटवारों ने बुधवार को विरोध रैली निकाली। फटी पुरानी वर्दी पहनकर कोटवारों ने टाउन हॉल के पास से रैली को शुरू किया। नारे लिखे बैनर पोस्टरो के साथ कोटवार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। मध्य प्रदेश आजाद कर्मचारी कोटवार संघ जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय के नेतृत्व में कोटवारों ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम का ज्ञापन अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना को दिया। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन का वाचन संघ के सीहोर तहसील अध्यक्ष अमर सिंह मालवीय के द्वारा किया गया। कोटवारों से चर्चा करते हुए अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने स्थानीय स्तर की मांगों को पूरा करने और शासन स्तर की मांगो को संभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के पास भेजने का भरोसा दिया। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के द्वारा अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अक्टूबर से हड़ताल शुरू कर दी थी। कोटवार जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। कोटवारों ने अर्धनग्न होकर भी प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारियों जन प्रतिनिधियों के बेरुखी भरे व्यवहार को लेकर भी कोटवारों ने आक्रोश प्रकट किया।मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों की सभी मांगे पूरी करने का वादा किया था जिसमें से उन्होंने हमें पुलिस जैसी वर्दी देकर सम्मानित किया था। वर्तमान मुख्यमंत्री से भी तीनों मांगे पूरा करने का अनुरोध कर रहे हैं।लंबे समय से कोटवार सरकार के द्वारा जीवन यापन के लिए दी गई सेवाभूमि का मालिक बनाने किसान समग्र आईडी बनाने खाद बीज उपलब्ध कराने, सरकार के लिए हमेशा समर्पित रहे कोटवारों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने और वर्दी की राशि बैंक खाते में ही देने सहित वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं लेकिन मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है जिससे कोटवार का मनोबल गिर रहा है। बच्चों की भविष्य की चिंता सता रही है बढ़ती महंगाई में सरकार मामूली वेतन दे रही है जिस से घर चलाना भी मुश्किल हो रहा है। जिले में एक सप्ताह तक कोटवारों की हड़ताल का व्यापक असर देखा गया। किसानों के सीमांकन बटवारा कब्जा दिलाने जैसी कार्यवाहियों के साथ कोटवारों के माध्यम से किसानों को भेजे जाने वाली सूचनाओं का आदान-प्रदान भी बंद रहा। राजस्व विभाग के अनेक काम ग्राम कोटवार के बिना नहीं हो पाए। कोटवारों के हड़ताल पर होने से सभी शासन प्रशासन के ग्रामीण स्तरीय कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे। जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने बताया कि मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ आंदोलन के अगले चरण में राजधानी भोपाल पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेगाप्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष कालूराम, सीहोर तहसील अध्यक्ष अमर सिंह मालवीय, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, लालू सेन इछावर, राजमल, जितेंद्र, गोपाल सिंह, रामभरोस, मांगीलाल, राधेश्याम, आनंद, संतोष मालवीय, गोपाल सिंह अहिरवार,अजबसिहं सेवनिया, मंगीलाल खुशीलाल सहित बड़ी संख्या में कोटवार शामिल रहे।

30 अक्टूबर से फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी 30 अक्टूबर से सीनियर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता की सफलता के लिए एसोसिएशन के सचिव आनंद उपाध्याय ने समिति का गठन किया है। जिसमें कमलेश अग्रवाल, मनोज कन्नोजिया, मधुर विजयवर्गीय, जितेन्द्र तिवारी, प्रियांशु दीक्षित, दीपक बाथम, दीपक गुरुवानी, अरुण राठौर आदि को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिदिन शाम को 2 मैच खेले जाऐंगे। प्रतियोगिता के आठ टीम को शामिल किया गया है। इसमें भैरंदा, आष्टा, इछावर, सीहोर सहित अन्य टीमों को शामिल किया गया है।

सड़क के गड्ढे ने ली महिला की जान, नगर पालिका सीएमओ पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पुराने इंदौर-भोपाल रोड पर आर.ए.के. कॉलेज के गेट के सामने सडक़ पर बने गड्ढे के कारण हुए हादसे में 27 अक्टूबर को महिला रक्षा सोनानिया की मौत हो गई, जबकि उनका बच्चा घायल हो गया। महिला अपने पति और बच्चे के साथ मोटरसाइकिल से चौपाल सागर से सीहोर आ रही थीं। इस दर्दनाक घटना के बाद सडक़ की बदहाल स्थिति और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर पूर्व पार्षद एवं जिला मंत्री भाजपा स्वयं सेवी प्रकोष्ठ अनूप चौधरी ने नगर पालिका प्रशासन की कथित लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सडक़ निर्माण गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग उठाई है। शिकायत के अनुसार, संबंधित सडक़ पर बने गड्ढे की समस्या को लेकर एक माह से अधिक समय पहले नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया था। इसके अलावा, 14 अक्टूबर को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई। यदि समय रहते सडक़ की मरम्मत कर दी जाती, तो संभवतः इस तरह के हादसे को टाला जा सकता था। चौधरी ने सवाल उठाया कि जब सडक़ की खराब स्थिति को लेकर पहले ही शिकायत की जा चुकी थी, तो संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए। कहा कि सार्वजनिक सडक़ों की मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। लापरवाही के कारण किसी नागरिक की जान जाने का मामला गंभीर है और इसकी जांच होनी चाहिए। ज्ञातव्य है कि पूर्व में कुबेरेश्वर धाम से श्रद्धालुओं को लेकर लोट रहा ऑटों भी इसी गड्ढे में गिर गया, जिसमें भी श्रद्धालुओं को गंभीर चौटे आई थी, इसके बाद ही इसे व इन्दौर नाके से लगाकर डीमार्ट तक के मार्ग को सुधारे जाने की लगातार शिकायते अनपू चौधरी द्वारा की गई थी। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने, सडक़ निर्माण की गुणवत्ता की पड़ताल करने, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और शहर की सडक़ों पर बने गड्ढों को तत्काल भरवाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

अंडर-15 क्रिकेट फाइनल में भोपाल का दबदबा, सीहोर की टीम 96 रन पर सिमटी

सीहोर। शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के पहले दिन भोपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर पर बढ़त बना ली। बुधवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर की टीम भोपाल के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई और 66.2 ओवर में 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भोपाल की ओर से केतन मेवाड़ा ने घातक गेंदबाजी करते हुए छह विकेट हासिल किए। जवाब में भोपाल ने दमदार बल्लेबाजी की और दिन का खेल समाप्त होने तक 23 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए। इस तरह भोपाल ने पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल कर ली। प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों की नजरें रहीं। सीहोर की ओर से आनंद मेवाड़ा ने संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका।

17 नवंबर को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

कवि मचाएंगे काव्य हास्य व्यंग मिमिक्री का धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश के प्रसिद्ध कवि गीतकार लॉफ्टर सीहोर में काव्य पाठ गजल गीतों के साथ हास्य व्यंग की प्रस्तुति देंगे। विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में आगामी 17 नवंबर को लिसा टॉकीज मैदान पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। राष्ट्रीय कवि जहां देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर व्यंग्य बाण चलाएंगे वही लाफ्टर मिमिक्री और हास्य कवि व्यंग्य रस से दर्शकों को देर रात तक गुदगुदायेंगे। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विधायक सुदेश राय के लाखों समर्थक शुभचिंतक पारंपरिक रूप से लीशा टॉकीज मैदान पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर में बरसों से होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के आयोजन की पारंपरिक श्रृंखला को राय परिवार आगे बढ़ा रहा है। नागरिकों की अत्यंत मांग पर विधायक सुदेश राय के जन्मदिवस पर 17 नवंबर को राय परिवार अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजन की परंपरा का निर्वहन करने जा रहा है। युवा भाजपा नेता राजकुमार रिंकू जायसवाल ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का संचालन प्रसिद्ध देवास के कवि शशिकांत यादव सबरस के द्वारा किया जाएगा। उज्जैन के लोकप्रिय हास्य कवि रोहित झन्नाट, कानपुर के व्यंग हास्य कवि हेमंत पांडे कानपुर लाफ्टर शो फेम और पद्मश्री डॉ सुनील जोगी नई दिल्ली शबीना अदीब गीत गजल लखनऊ कपिल शर्मा फेम अंतरराष्ट्रीय शायर भी प्रस्तुति देंगे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार कवि कहानीकार पंकज पुरोहित रहेंगे।

टिप्पणी के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा, नगर मंडल सीहोर ने जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा के समक्ष आयोजित प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने गीत के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की और राजनीति में शालीनता एवं मर्यादा बनाए रखने की अपील की।कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजनीति में असहमति के बावजूद किसी के परिवार और माता-पिता के प्रति सम्मान बनाए रखना आवश्यक है। स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान वैचारिक बहस, शालीन संवाद और जनसेवा की भावना से होती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सार्वजनिक जीवन में संयमित भाषा का उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, महामंत्री हर्षित मेवाड़, नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, महामंत्री दीपांशु राठौर (नट्टू), समीर सेन, विशाल पाटीदार, सत्यम राठौर, मनीष राय, मोहित राठौर, तुषार सोनी, शुभम व्यास, अनिमेष जैन, दीपू कटारे, हर्ष राजपूत, विवेक राय, नवीन गुप्ता, ऋषभ नाथ, कृपाल दांगी, शशांक यादव, आयुष तोमर, आयुष मेवाड़, आयुष राठौर, अंकित चौहान, यश ताम्रकार, अर्पित सिंह, बलबीर ठाकुर और कृष्ण शर्मा सहित युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

स्थापना दिवस पर शासकीय कार्यालयों में रोशनी करने के निर्देश

सीहोर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों को 1 नवंबर को जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सुबह 9 बजे उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर अभियान शुरू

सीहोर। जिले में युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से बुधवार को 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 4.0' का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में शुरू हुआ यह अभियान जिले में 60 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत युवाओं और आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों और सामुदायिक स्तर पर विशेष जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान कि नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह और दंत चिकित्सकों की टीम अभियान के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन छोड़ने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान के दौरान निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी) की दवाइयां भी वितरित की गईं।

दशहरा मैदान पर 120 दुकानों की मार्किंग, प्रशासन ने टीनशेड अनिवार्य किया

पटाखा बाजार में नियमों की अग्निपरीक्षा पिछले साल टेंट में लगी थीं कई दुकानें

दीपावली पर निर्देशों के पालन और कार्रवाई पर रहेंगी नजरें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



दीपावली पर पटाखा बाजार की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने इस बार सख्त रुख अपनाया है, लेकिन असली चुनौती इन निर्देशों को जमीन पर लागू कराने की होगी। नगर के दशहरा मैदान पर पटाखों की दुकानें लगाने के लिए 120 स्थानों की मार्किंग कर दी गई है। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी दुकानदार टेंट लगाकर दुकान नहीं लगाएगा। सभी दुकानों का निर्माण टीन की चादरों से करना अनिवार्य होगा। अब सवाल यह है कि प्रशासन के इन निर्देशों का इस बार कितना पालन हो पाएगा।

पिछले साल भी बने थे नियम, फिर टेंट में कैसे लगीं दुकानें?

पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों के पालन का मुद्दा नया नहीं है। पिछले साल भी प्रशासन ने दुकानदारों को टीनशेड में दुकानें लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद बाजार में टेंट लगाकर पटाखों की दुकानें संचालित होती रहीं। दीपावली के मुख्य त्योहार के दौरान तहसीलदार और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बाजार पहुंचकर दुकानदारों को नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी थी। उस समय व्यापारियों ने प्रशासन से मोहलत मांगी थी। ऐसे में इस बार जारी किए गए निर्देशों के बाद निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या प्रशासन इस बार बाजार शुरू होने से पहले ही सभी दुकानों का निरीक्षण करेगा? क्या नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी? इन सवालों के जवाब दीपावली के दौरान सामने आएंगे।

120 दुकानों की मार्किंग

बुधवार को नगर परिषद भैरूंदा के अधिकारी-कर्मचारियों ने दशहरा मैदान पहुंचकर पटाखा बाजार के लिए जगह की नपती की और चूने से 120 दुकानों की मार्किंग की। निर्धारित स्थानों पर दुकानें लगाने की व्यवस्था की गई है, ताकि बाजार में अव्यवस्था न हो और लोगों के आवागमन में परेशानी नहीं आए।

अग्निशमन यंत्र और पानी रखना जरूरी

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने सुरक्षा नियमों के तहत प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र, बालू-रेत और पानी की बाल्टी रखना अनिवार्य किया है। पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंसधारी व्यक्ति ही कर सकेंगे। दुकानदारों को लाइसेंस की प्रति दुकान पर रखनी होगी। दुकानों पर नाबालिग बच्चों को बैठाने की अनुमति भी नहीं होगी। पटाखों की बिक्री के दौरान आगजनी की आशंका को देखते हुए इन व्यवस्थाओं का पालन बेहद जरूरी है। केवल निर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि बाजार में नियमित निरीक्षण और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी अहम होगी।



पटाखा बाजार में सुरक्षा के लिए प्रशासन ने नियम तो तय कर दिए हैं, लेकिन पिछले साल के अनुभव को देखते हुए इस बार उनकी प्रभावी निगरानी महत्वपूर्ण रहेगी। दुकानों का निर्माण टीन की चादरों से कराने से लेकर अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता और लाइसेंस की जांच तक, हर स्तर पर प्रशासन को सतर्क रहना होगा। दीपावली के दौरान बाजार में उमड़ने वाली भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है कि नियमों का पालन केवल कागजों पर नहीं, बल्कि मौके पर भी दिखाई दे।

मास्टर प्लान को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

भोपाल जैसी गलती न दोहराई जाएः गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजधानी भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर चल रही चर्चाओं और चिंताओं के बीच अब सीहोर में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखा है। पत्र के जरिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सीहोर शहर और आसपास के इलाकों के लिए जो नया मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, उसमें भोपाल जैसी प्रशासनिक या व्यावहारिक चूक न दोहराई जाए, जिससे आम जनता, किसानों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़े।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने अपने पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर हाल के दिनों में जिस तरह की असमंजस की स्थिति और चिंताएं सामने आई हैं, वे गंभीर चेतावनी हैं। किसी भी शहर का विकास भविष्य की मजबूत नींव पर होना चाहिए, न कि ऐसी योजनाओं पर जो जनता के गले न उतरें। सीहोर चूंकि भोपाल के बेहद करीब और एक अहम जिला मुख्यालय है, इसलिए आने वाले समय में यहां आबादी बढऩे, व्यापार फैलने और यातायात का दबाव बढऩे की पूरी संभावना है। इन तमाम पहलुओं को देखते हुए अभी से एक दूरदर्शी और व्यावहारिक योजना बनाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा है की आज सीहोर नगर बेतरतीब ट्राफिक से परेशान है और वेध पार्किंग तो सीहोर नगर के लिए सपने जैसा है ना ही कोई व्यवस्थित गार्डन ना खेल मैदान यही सीहोर की असल कहानी है सीहोर नगर के बेहतर भविष्य के लिए तुरंत सीहोर का मास्टर प्लान लागू कराया जाए। पत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि विकास का मतलब केवल नई कॉलोनियां और कंक्रीट के बड़े भवन खड़े करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सडक़ें, स्वच्छ आबोहवा और सुरक्षित भविष्य देना है। कांग्रेस ने मांग की है कि मास्टर प्लान बनाने की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी रखा जाए।

योजना को अंतिम रूप देने से पहले स्थानीय नागरिकों, किसानों, व्यापारिक संगठनों और विषय विशेषज्ञों से सुझाव लिए जाएं तथा जनता की तरफ से आने वाली आपत्तियों का निष्पक्ष और न्यायसंगत समाधान किया जाए। जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबंधित विभागों को यह निर्देश दिए जाएं कि सीहोर की विकास योजना की गहन समीक्षा की जाए। आगामी 20 से 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर ऐसा मास्टर प्लान तैयार किया जाए, और तुरंत जारी किया जाए, जिससे शहर का व्यवस्थित विस्तार हो सके और भविष्य में नागरिकों के हितों को लेकर किसी तरह का विवाद खड़ा न हो।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की जांच की



सीहोर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में सोमवार को कुल 429 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 127 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं की पहचान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को जांच, दवाइयां और परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल, जरूरत पड़ने पर उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने तथा जांच के लिए सेपिक अप और ड्रॉप की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

वीआईटी यूनिवर्सिटी को चुना गया श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी यूनिवर्सिटी को महाराष्ट्र राज्य के पुणे महानगर में हुए एडैक्स अवार्ड्स 2026 के 7वें राष्ट्रीय आयोजन में शैक्षणिक अवार्ड्स श्रेणी के तहत साल 2026 का मध्य प्रदेश का श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान चुना गया। यह पहचान यूनिवर्सिटी के उच्च शिक्षा के तरीके को दिखाती है, जिसमें तकनीक से सीखने, शैक्षणिक लचीलापन और छात्रों के समग्र विकास के मौके शामिल हैं। दरअसल देश की ख्यात इंडियन प्रेन्योर मैगजीन द्वारा आयोजित किए गए इस वृहद आयोजन में, द फ्यूचर यूनिवर्सिटी 2035ः कैंपस कैसे दिखेंगे पर एक पैनल डिस्कशन के दौरान, वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने बदलते शैक्षणिक और व्यावसायिक माहौल के लिए छात्रों को तैयार करने में यूनिवर्सिटी की बदलती भूमिका पर बहुत बेहतर तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कक्षा में सीखने के साथ प्रैक्टिकल एप्लीकेशन को जोड़ने की अहमियत पर जोर दिया, और बताया कि वीआईटी भोपाल का कोलैबोरेटिव एंड एक्टिव लर्निंग थ्रू टेक्नोलॉजी फ्रेमवर्क छात्रों को हैंड्स-ऑन अनुभव के जरिए अपने मूल विषय से जुड़ने के लिए बढ़ावा देता है। यूनिवर्सिटी का लचीला क्रेडिट सिस्टम भी छात्रों को अपनी पसंद और सीखने की रफ़्तार के हिसाब से शैक्षणिक रास्ते बनाने की इजाज़त देता है। यूनिवर्सिटी के सबको साथ लेकर चलने वाली शिक्षा के वादे के बारे में बताते हुए, प्रो. मोढ़ ने कहा, हमारे स्टार्स प्रोग्राम अर्थात ग्रामीण छात्रों की तरक्की में मदद के जरिए, हम मध्य प्रदेश के 55 जिलों में से हर सरकारी स्कूल के 110 छात्रों को मुफ्त शिक्षा और पूरी मदद देते हैं, जिसमें एक लड़का और एक लड़की टॉपर होते हैं। इसमें पढ़ाई की फीस, हॉस्टल में रहने, खाना और ट्रांसपोर्टेशन शामिल है। हम यह पक्का करना चाहते हैं कि पिछड़े माहौल में रहे छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले और उन्हें अपनी काबिलियत को पहचानने का मौका मिले।

वाल्मीकि जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बैनर तले कवि त्रिलोचन प्रसाद दुबे के निवास नरेंद्र नगर स्टेशन रोड सीहोर पर आदि कवि वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार द्वारका बांसुरिया ने की। मुख्य अतिथि गो सेवक मनोहर लाल घावरी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया।सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा प्रकाश डाला गया एवं काव्य पाठ करने वाले हैं कवियों में त्रिलोचन प्रसाद दुबे ,द्वारका बसुरिया, विनोद पंसारी, गोविंद लोवानिया, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, जोरावर सिंह, लक्ष्मण सिंह चौकसे, डॉ विजेंद्र जायसवाल, राहुल ठाकुर, संदीप मेवाड़ा, ठाकुर प्रसाद चंद्रवंशी ,कैलाश चौहान, जितेंद्र नारोलिया आदि रहे। आभार लक्ष्मण सिंह चौकसे ने माना।कार्यक्रम काव्य धारा प्रवाह फेसबुक चैनल पर लाइव हुआ। काव्य धारा प्रवाह की संस्थापिका पायल पटेल जी इस अवसर पर लाइव रही ।

शालिनी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान,भोपाल संभाग बना राज्यस्तरीय क्रिकेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



70वीं राज्यस्तरीय अंडर-17 बालिका शालेय क्रीड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शिवपुरी में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग ने इंदौर संभाग को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत से भैरुंदा क्षेत्र की बेटी और सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी शालिनी पेठारी ने भी अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। फाइनल में इंदौर की टीम ने टॉस जीतकर भोपाल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भोपाल की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 106 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर की टीम ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन वह 104 रन तक ही पहुंच सकी। इस तरह भोपाल संभाग ने 2 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम ने शानदार खेल दिखाया और अपने मुकाबलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शालिनी पेठारी भैरुंदा स्थित सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी में अभ्यास करती हैं। उनके प्रदर्शन और टीम की इस बड़ी सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शालिनी की उपलब्धि उन बेटियों के लिए भी प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बीच खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखती हैं। सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक राकेश पंवार (रक्का) ने शालिनी और भोपाल संभाग की विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शालिनी की उपलब्धि उसकी लगातार मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उसे इसी लगन से अभ्यास करते रहना चाहिए, ताकि आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर नए मुकाम हासिल कर सके। भोपाल संभाग की इस जीत और शालिनी की उपलब्धि से भैरुंदा क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

आरोपः तीन माह से खराब पड़ी श्रवण शक्ति जांचने की मशीन, दिव्यांगजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र पहुंचकर यहां के ऑडियोलॉजिस्ट नवल किशोर मालवीय से मुलाकात कर यहाँ की व्यवस्थाओं के विषय में चर्चा की। इस बारे में पंकज शर्मा ने बताया कि उन्हें पिछले कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि यहां सुनने की क्षमता की जांच करने वाले वाली मशीन कई दिनों से खराब पड़ी है, जिससे यहां अपने कानों की जांच कराने के लिए आने वाले दिव्यांजन काफी परेशान हो रहे हैं और उन्हें अपने कानों की जांच कराने के लिए भोपाल जाना पड़ रहा है, जिसमें उनका काफी समय और पैसा बर्बाद हो रहा है।

जानकारी मिलने के बाद पंकज शर्मा सीधे जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र के ऑडियोलॉजिस्ट से मिले, जिसके बाद उन्हें पता चला कि ये मशीन लगभग 3 माह से खराब पड़ी है तथा इसको ठीक कराने के लिए भोपाल पत्र भी लिख दिया गया है, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अब तक उच्च स्तर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है, जिसका खामियाजा पूरे जिले के दिव्यांजन भुगत रहे हैं।

इसके बाद पंकज शर्मा ने यहां पदस्थ उप संचालक महेश यादव से दूरभाष पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने पिछले लगभग 2 माह से ट्रेनिंग पर होने के कारण यहां न आने की वजह से इस बारे में कोई भी जानकारी ना होने तथा शीघ्र ही इस मशीन को ठीक कराने या नई और आधुनिक मशीन की व्यवस्था कराने की बात कही। पंकज शर्मा ने कहा कि गलती चाहे किसी की भी हो लेकिन इस सबके बीच पिस तो दिव्यांगजन ही रहे हैं। पंकज शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार दिव्यांगजनों का शोषण करना तथा उनके हक पर डाका डालना बंद करे और तत्काल ये मशीन सही करवाकर इस केंद्र की अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक कराए, ताकि दिव्यांगजनों को राहत मिल सके और यदि शीघ्र ही ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी दिव्यांगजनों के हित में आगे आकर जमीन पर लड़ाई लड़ेगी।

सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास में मरम्मत कराने, आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने दिए निर्देश

बच्चों की सुविधा व आवश्यकताओं को ध्यान में रखें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला मुख्यालय में संचालित संस्थानों एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के छात्रावास, और जिला पशु चिकित्सा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने, लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने तथा आमजन एवं हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के (सीडब्ल्यूएसएन) छात्रावास के निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। छात्रावास भवन में जहां भी मरम्मत की आवश्यकता है, वहां संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बच्चों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों एवं हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग हितग्राहियों की आवश्यकताओं का आकलन कर उन्हें अति आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। पात्र हितग्राहियों को उनकी जरूरत के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे दैनिक गतिविधियों को सुगमता से कर सकें तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके। कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालय भवन एवं परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जर्जर भवन की स्थिति को देखते हुए उसे डिस्मेंटल कराने के निर्देश दिए, ताकि अनुपयोगी भवन के कारण किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों का व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने भंडार गृह का निरीक्षण कर वहां रखी सामग्री के व्यवस्थित रखरखाव, नियमित साफ-सफाई तथा आवश्यकतानुसार भंडार गृह के विस्तार के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेडिसिन स्टोर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा दवाओं के उचित रखरखाव और उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया, जिससे पशु चिकित्सा सेवाओं के संचालन में सुविधा बनी रहे। कलेक्टर ने एमबीओ पशु चिकित्सा वाहन सेवा के संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पशु चिकित्सा वाहन प्रत्येक गांव में निर्धारित समय पर पहुंचे और पशुपालकों को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कहा कि सेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को सुविधा मिलनी चाहिए। प्राप्त होने वाली सभी 100 कॉल को अटेंड करना सुनिश्चित किया जाए तथा कॉल के माध्यम से प्राप्त पशु चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं पर समयबद्ध कार्यवाही की जाए। वाहन सेवा की नियमित निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी गांव में पशुपालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, उप संचालक पशुपालन डॉ निलेश देसाई, डॉ शाक्या, सहायक संचालक सामाजिक न्याय महेश कुमार यादव सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 222 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 222 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 1028 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 365 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 200 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इन खतरनाक गनों से प्रदेश के कई जिलों में झुलस चुके हैं बच्चे व अन्य

दीपावली पर कार्बाइन गन, पोटाश गन प्रतिबंधित, आदेश हुआ जारी

पुलिस एवं राजस्व अधिकारी करेंगे सतत निरीक्षण व निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



दीपावली पर्व पर आमजन की सुरक्षा एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेशानुसार जिले में कार्बाइड गन, कार्बाइड लैम्प, पोटाश गन तथा ऐसी आतिशबाजी एवं पटाखे जिनमें बेरियम लवण, पारा एंटीमनी, आर्सेनिक, सीसा एवं स्ट्रॉन्शियम क्रोमेट का उपयोग किया गया हो, के क्रय-विक्रय, वितरण तथा सार्वजनिक अथवा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार ऐसे पटाखे जिनकी विस्फोटक तीव्रता विस्फोटक स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो, प्रतिबंधित रहेंगे। आदेश के तहत सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्रों, न्यायालयों, गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प, पटाखा बाजार एवं धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार की आतिशबाजी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्यवाही

जारी आदेशानुसार पटाखों एवं आतिशबाजी का ई-कॉमर्स कंपनियों एवं निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर-लाइसेंसी व्यक्तियों द्वारा विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश संपूर्ण राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक एवं दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी।

अधिकारियों की रहेगी आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी

जिले में आदेश के प्रभावी पालन के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक निरीक्षण एवं निगरानी की जाएगी। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करेंगे।

पूर्व के सालों में हो चुकी हैं काफी घटनाएं

आपको बतादें कि पूर्व के सालों में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कार्बाइड गन, पोटाश गन से बच्चों समेत अन्य व्यक्तियों के घायल होने काफी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ मामलों में बच्चे अपनी आंखे तक खो चुके हैं। पोटाश गन से न केवल हाथ चोटिल हुए बल्कि शरीर के अन्य अंग भी बुरी तरह झुलसे हैं। इन्हीं सब मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

पचोर-सारंगपुर हाईवे पर ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 5 घायल, एक रेफर

पिकअप में सवार थे 6 लोग, तीन भैंस और दो पाड़ी भी थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पचोर-सारंगपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर करीब 3.50 बजे भैंसों से भरी खड़ी पिकअप को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे शाजापुर रेफर किया गया है। दुर्घटना में एक पाड़ी भी गंभीर रूप से घायल हुई है। जानकारी के अनुसार, पिकअप में पचोर पशु बाजार से खरीदी गई तीन भैंस और दो पाड़ी के साथ छह लोग सवार थे। रास्ते में चालक ने पानी पीने के लिए गाड़ी रोक रखी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक ट्रक लहराते हुए पहुंचा और पिकअप को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

पानी पीने के लिए सड़क किनारे रोकी थी गाड़ी

पांच लोग घायल, एक की हालत गंभीर

हादसे में प्रभुलाल पिता बद्रीलाल (40), निवासी बरखेड़ा भोजा, कमल पिता गंगाराम (25), निवासी नलखेड़ा, राजू पिता शिवनारायण गुर्जर और होकम पिता शिवनारायण गुर्जर (40), दोनों निवासी मंदेरी गुर्जर, घायल हुए हैं। वहीं, रामचंद्र निवासी बाबल्दी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया है।

पिकअप में भरी थीं भैंस और पाड़ी



दुर्घटना के समय पिकअप में तीन भैंस और दो पाड़ी भी थीं। हादसे में एक पाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में पिकअप को भी नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस टीम ने सभी घायलों को उपचार के लिए पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल रामचंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया।

बगैर ओटीपी दिए अधीक्षिका के खाते से उड़े 34 हजार रुपए, शिकायत दर्ज कराई

अधीक्षिका ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक डेस की थी आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सायबर अपराधों से सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों से काफी आगे अपराधी चल रहे हैं। बैंकिंग फ्रॉड से बचने किसी को भी अपना ओटीपी (वन टाईम पासवर्ड) न देना एक बेहतर विकल्प माना जाता है लेकिन अब ओटीपी दिए बिना भी लोगों के खाते खाली हो रहे हैं। मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका कृष्णा गरवाल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने एक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक डेस बुक की थी एवं संबंधित फ्रॉडर (तब दुकानदार) के खाते में गूगल पे से 1700 रुपए बतौर एडवांस ट्रांसफर किए। कुछ समय बाद उस फ्रॉडर का कॉल आया कि आपको एक डेस नहीं भेज पाएंगे, आप कुछ और डेस बुक कीजिए। इस पर गरवाल ने मना कर दिया कि उन्हें ज्यादा डेस की जरूरत नहीं है आप मेरे पैसे वापस मेरे एकाउंट में ट्रांसफर कर दीजिए और फोन कट गया। संबंधित फ्रॉडर का पुनः कॉल आया कि मै आपको इसी नंबर पर 1 रुपये ट्रांसफर कर रहा हूं। आप अपना गूगल-पे खोले रखिए और चेक करके बताईये कि 1 रुपये आया की नहीं।

> वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में आपकी साइबर संबंधी शिकायत CYB27102600559 डायल–112 पर सफलतापूर्वक दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही साइबर हेल्प डेस्क अधिकारी द्वारा आपसे संपर्क किया जाएगा। कृपया आपका बैंक खाता संख्या, संबंधित लेनदेन की तिथि व समय तथा UTR/RRN नंबर तैयार रखें – मध्य प्रदेश पुलिस

गूगल पे खोलकर रखने पर उड़ गए 34000

फ्रॉडर के कहने पर पीड़िता ने अपना गूगल पे खोलकर रखा और चेक करने लगी कि 1 रुपये क्रेडिट हुआ या नहीं। बस, इसी दरम्यान अगल-अलग राशि 12 हजार, 18, 4 हजार करके इस तरह कुल 34 हजार रुपए चले गए। जब बाद में उन्होंने एकाउंट चेक किया तो उन्हें अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला। पीड़िता ने तुरंत बैंक को अवगत कराने के साथ ही सायबर सुरक्षा से जुड़े 1910 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ कार्यालय में भी शिकायत की गई है।

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

मिल्क कलेक्शन, मावा सेंटरों का किया निरीक्षण, लिए सैंपल



राजगढ़। त्यौहारों पर लोगों की सेहत के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने अपनी कार्यवाही तेज की है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा सारंगपुर स्थित दो मिल्क कलेक्टर सेंटरों एवं पचोर स्थित मां गायत्री मावा भंडार प्रतिष्ठान का निरीक्षण करते हुए तीनों स्थानों से सैंपलिंग की गई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों पर जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर सैंपलिंग, नमूना कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में संयुक्त दल ने सारंगपुर के तारागंज स्थित सिद्धिविनायक मिल्क सेंटर से दूध का सैंपल लिया। इसके साथ ही ओयस्टर मिल्क प्रोड्क्ट्स चिलिंग सेंटर से भी दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इस कार्यवाही के उपरान्त टीम पचोर पहुंची एवं यहां न्यू बस स्टैंड स्थित मां गायत्री मावा भंडार से मावे के नमूने जांच के लिए लिए लिए। श्री खत्री ने बताया कि सभी सैंपलों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है जहां से जांच मिलने पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। तीनों स्थानों पर दूध और मावो का प्राइमरी टेस्ट भी किया गया है।

मानकों का पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

इसके साथ ही संबंधित सेंटर संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उक्त कार्यवाही के दौरान सब इन्सपेक्टर राहुल सेंधव, गौरव वाजपेई सहित अन्य उपस्थित रहे।

मरीजों के पलंग के समीप गिरा प्लास्टर

जिला चिकित्सालय के टीबी वार्ड में छत का प्लास्टर गिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला चिकित्सालय के पुराने भवन स्थित खजूर वाले वार्ड में संचालित हो रहे टीबी वार्ड में एक घटना हो गई। सोमवार दोपहर इस वार्ड की छत का प्लास्टर अचानक भर-भराकर गिर गया। प्लास्टर मरीजों के पलंगों के समीप गिरा। अगर वह मरीजों पर गिरता तो अनहोनी हो सकती थी।

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय का नया भवन काफी पहले बन चुका है और सभी वार्ड नए भवन में ही संचालित हो रहे हैं। अकेले, टीबी वार्ड अभी भी पुराने भवन के खजूर वाले वार्ड में स्थित है। इस वार्ड में कुछ मरीज भती हैं। इन्हीं मरीजों के पलंग के पास यह प्लास्टर गिरा है। आपको बतादें कि पुराना अस्पताल भवन रियासतकालीन होकर काफी पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है। यही कारण है कि नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता पड़ी थी। इस घटना ने टीबी मरीजों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

डीई अनीश राजपूत के मार्गदर्शन में 10 टीमों ने चलाया अभियान

बिजली विभाग की मास चेकिंग, बिजली चोरी के 40 और बकाया बिलों से जुड़े 20 मामले पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए विद्युत विभाग ने 26 अक्टूबर को सारंगपुर क्षेत्र में सघन मास चेकिंग अभियान चलाया। डीई अनीश राजपूत के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में विभाग की 10 टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शनों की जांच की,अभियान के दौरान बिजली चोरी के 40 प्रकरण बनाए गए, जबकि बकाया बिजली बिलों से संबंधित 20 मामलों में कार्रवाई की गई। इस तरह विभाग ने कुल 60 प्रकरण दर्ज किए। जांच के दौरान विद्युत कनेक्शनों में अनियमितताओं पर ध्यान देते हुए संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई।



बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली पर जोर

विद्युत विभाग का उद्देश्य बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के साथ बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना और विद्युत वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें। साथ ही उपभोक्ताओं से वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करने और मीटर या विद्युत लाइन से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के मामलों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया राशि की वसूली के लिए इस तरह के जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

दशहरा मिलन समारोह में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर हुई चर्चा



खुजनेर। सर्व सेन समाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति के तत्वावधान में खुजनेर में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें राजगढ़ जिले के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समारोह में समाज की एकता, अखंडता और आपसी सहयोग को मजबूत करने के साथ विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और जरूरत के समय एक-दूसरे का सहयोग करने पर जोर दिया गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोपाल सेन, नगर अध्यक्ष टीकाराम सेन, ग्रामीण अध्यक्ष देवकरण सेन सहित समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई





जीरापुर। नगर के वार्ड 15 स्थित वाल्मीकि चौक पर संत शिरोमणि महर्षि वाल्मीकि महाराज की प्रतिमा पर पूजा अर्चना करके सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। महर्षि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक जनों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामायण जैसे महान ग्रन्थ को वाल्मीकि जी ने लिखा था जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श की लीला प्रेरणा स्रोत बनी ऐसे महान व्यक्तित्व की जयंती मनाकर हम अपने आप धन्य हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वाल्मीकि समाज के सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि को नमन कर उनके आदर्शों का स्मरण किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, गिरिराज गुप्ता भण्डावद, देवकीनंदन जमींदार, भगवान सिंह बटावदा, विष्णु सिंह पवांर, ईश्वर सिंह तोमर, रमेशचंद्र शर्मा, जगदीश वर्मा, फूल सिंह वर्मा, बिट्ठलप्रसाद झावा, रामप्रसाद झावा, आजाद झावा, मोहन झावा, कमल झावा, राजू झावा, प्रहलाद झावा, मनीष झावा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वाल्मीकि समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

तिरंगे को सलामी देकर सारंगपुर से आगे बढ़ी यात्रा

चंदा चोरी, आस्था के साथ धोखा : दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का मंगलवार को आठवें दिन सारंगपुर से शुभारंभ हुआ। राठी मांगलिक परिसर में धर्मरथ में विराजमान प्रभु श्रीरामलला, तीर्थों के जल से भरे कलशों और पार्थिव शिवलिंग का पूजन-अर्चन कर आरती की गई। इसके बाद दिग्विजय सिंह सहित यात्रियों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को ससम्मान सलामी दी और यात्रा को आगे बढ़ाया। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में चंदे और चढ़ावे की कथित अनियमितताओं को लेकर संबंधित लोगों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा हुआ है और मामले की व्यापक जांच होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़कर जवाब देने की मांग की। सिंह ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य धर्म के नाम पर एकत्र धन का पारदर्शी हिसाब और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान सुनिश्चित करना है।



दर्जनों मंचों से स्वागत मंदिरों में की पूजा

नगर में यात्रा के पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने दर्जनों मंचों से स्वागत किया। परशुराम चौराहे पर भगवान परशुराम के फरसे की पूजा की गई। इसके बाद साईं मंदिर में पूजा-अर्चना, डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। युवा नेता अखिलेश राठी के आह्वान पर भी यात्रा का स्वागत हुआ। महिलाओं ने पुष्पवर्षा की। दिग्विजय सिंह ने मंच से अखिलेश राठी को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



धनौरा मंदिर में पूजा गले में तकलीफ के बावजूद जारी रखा जनसंवाद

यात्रा ग्राम धनौरा स्थित मनकामनेश्वर शिव मंदिर पहुंची, जहां सिंह ने पूजा-अर्चना और आरती की। इस दौरान उन्होंने लोगों से यात्रा से जुड़ने की अपील की। दिनभर के कार्यक्रमों के दौरान उनका गला खराब हो गया, लेकिन वे लगातार लोगों से संवाद करते रहे। रात्रि विश्राम के दौरान सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जय सिंह बघेल ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयां देकर आराम करने की सलाह दी। यात्रा में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

खबर संक्षेप

जाटव समाज कल्याण संगठन ने किया चल समारोह का स्वागत

सीहोर। भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर नगर में श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन की ओर से स्थानीय कोतवाली चौराहे पर मंच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने चल समारोह के अध्यक्ष उमेश परोचे सहित समारोह में शामिल वरिष्ठजनों का पुष्पहारों से स्वागत कर सम्मान किया स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र खंगराले, श्रीमती आरती खंगराले, अभय अरिवार, कमलकिशोर जाटव, सन्नी जाटव, नरेन्द्र बनवैया, शुभम कचनेरिया, नरेन्द्र सिमोले, टीटु कचनेरिया, उमेश मंगरोलिया, राहुल कचनेरिया, कपिल पुरवैया, जितेन्द्र आर्य, रविन्द्र मेचन, बहादुर सिलावट, शशांक धीमान, जित्तु मैकेनिक, भोला कचनेरिया, राज खंगराले, जुगल सिनोरिया, हेमंत जिगने, नीरज भारती, हेमंत भारती, विरेन्द्र जाटव, वीरू जाटव, अंकित जाटव, अंकित मंगरोलिया, अखिलेश तेजी, सतीष महोबिया, निलेश जाटव, देवेन्द्र गिन्नोरिया सहित समाजजन उपस्थित रहे।

योजना के पंजीयन में सुरभि राठौर बनीं प्रेरणा

सीहोर। सीहोर तहसील के ग्राम बिजौरी में पदस्थ पटवारी सुरभि राठौर कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति समर्पण की प्रेरक मिसाल पेश कर रही हैं। हाथ में फ्रैक्चर होने और प्लास्टर चढ़ा होने के बावजूद वे स्वामित्व अधिकार योजना के तहत दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं। शारीरिक कठिनाइयों के बीच भी अपने दायित्वों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आई है। यही लगन और कार्य के प्रति समर्पण उन्हें जिले के अन्य पटवारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहा है। अपने काम के प्रति समर्पण के बल पर सुरभि राठौर स्वामित्व योजना के तहत दस्तावेजों के पंजीयन में जिले के शीर्ष 10 पटवारियों में शामिल हैं। उनकी काम के प्रति निष्ठा यह दर्शाती है कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इच्छाशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा के सामने बाधा नहीं बन सकतीं। सुरभि राठौर का कार्य उन सभी पटवारियों के लिए प्रेरणा है, जो अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटे हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने कार्यों का किया निरीक्षण

सीहोर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव ने डाइट के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी, जिला शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

पेंशनरों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने उठाई आवाज

एरियर, स्वास्थ्य बीमा, अतिरिक्त पेंशन और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

पेंशनरों ने लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की अपील की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पेंशनरों की लंबित समस्याओं के निराकरण और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल राठौर के नेतृत्व में शासन के समक्ष 12 सूत्रीय मांगें रखी गई। उप प्रांतअध्यक्ष केएल बैरागी ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि संगठन ने महंगाई राहत का नियमित भुगतान, एरियर पर ब्याज, स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, आयु के अनुसार अतिरिक्त पेंशन देने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित विभिन्न मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। संगठन के अनुसार, 5 मार्च 2026 को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद 17 अप्रैल 2026 को उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के साथ चर्चा हुई। चर्चा के परिणामस्वरूप 17 जुलाई 2026 को महंगाई राहत के लिए सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता समाप्त करने संबंधी आदेश जारी किया गया। हालांकि, संगठन का कहना है कि पेंशनरों की कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें अब भी लंबित हैं।

महंगाई राहत, एरियर भुगतान पर जोर

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने जुलाई 2019 से केंद्र सरकार की तिथि के अनुरूप महंगाई राहत का नियमित भुगतान करने तथा लंबित एरियर जारी करने की मांग की है। संगठन ने जुलाई 2025 के 3 प्रतिशत, जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत और जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत के एरियर का भुगतान करने की भी मांग रखी है। इसके अलावा, छठे वेतनमान के तहत 1 नवंबर 2006 से 31 अगस्त 2008 तक के 32 माह के एरियर पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के 31 अक्टूबर 2025 के निर्णय के अनुसार 6 प्रतिशत ब्याज देने की मांग की गई है। वहीं, 1 जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों का काल्पनिक वेतन निर्धारण कर सातवें वेतनमान का देय एरियर भुगतान करने की मांग भी शामिल है। संगठन ने शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र लागू करने की मांग की है, ताकि उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश की व्यवस्था के अनुरूप 65 वर्ष की आयु पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत और 80 वर्ष की आयु के प्रारंभ से 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने विद्युत मंडल के पेंशनरों की पेंशन की गारंटी सुनिश्चित करने और जिला कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था करने, पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ देने तथा पेंशन सारांशीकरण की वसूली अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष 9 माह करने की मांग भी उठाई है। मांगों में पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों को अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ देने, पेंशनर कल्याण मंडल, पेंशनर फोरम तथा संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने और जहां समितियों का गठन नहीं हुआ है, वहां गठन करने की मांग शामिल है। संगठन ने वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत आवश्यक समितियों के गठन तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग भी रखी है।

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने कहा कि शासन यदि वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना चाहता है तो संगठन चर्चा के लिए तैयार है। संगठन के अनुसार, मांगों के निराकरण के लिए 16 अप्रैल 2026 को भोपाल में प्रदर्शन की घोषणा भी की गई थी। अब संगठन ने शासन से लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने और बुजुर्ग पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की अपील की है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन सीहोर/इछावर की ओर से संरक्षकगण, डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, के.एल.बैरागी, सुन्दरलाल राठौर, उपाध्यक्ष सिद्धु सिंह ठाकुर, एल. एस. सेन, महामंत्री नर्बदा प्रसाद खरे, शंकरलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष लखनलाल सेन, कार्यालय सचिव चन्दरसिंह ठाकुर, प्रचार सचिव भगवानदास प्रजापति, के. के. झमटानी, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, विधि सलाहकार विश्वनाथ शर्मा (एड.), कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रहलाद सिंह ठाकुर, भगतजी, मुन्ने भाई, राजेन्द्र गांधी, बी. एस. तोमर, मुरली शर्मा, महेश आर्य, दीनदयाल शंखवार,मुन्नालाल प्रजापति, सुधीर दुबे, विजय सिंह बिसौरिया, दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, हेमन्त वल्लभ दुबे, प्रकाश देवगड़े, प्रवीण सक्सेना एवं ताराचंद सहित अन्य सदस्य पेंशनरों की मांगों के समर्थन में सक्रिय हैं। संगठन ने उम्मीद जताई है कि शासन लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर प्रदेश के पेंशनरों को राहत प्रदान करेगा।

चाय होटल और मेडिकल दुकान में लगी आग

आग से लाखों का हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

सिद्धिगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खाचरोद में हरिओम सिंह ठाकुर पिता बजे सिंह ठाकुर निवासी ग्राम उदयपुर के बस स्टैंड खाचरोद में स्थित रेस्टोरेंट उप सरपंच की चाय की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगने से नुकसान हो गया। समय रहते आसपास रहने वाले पड़ोसियों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। दुकान संचालक हरिओम सिंह ठाकुर ने बताया कि मेरी बस स्टैंड खाचरोद पर मां नर्मदा रेस्टोरेंट व उप सरपंच चाय की दुकान किराए से चलाता हूं। 27 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे में अपनी दुकान बंद करके अपने गांव उदयपुर आ गया था। रात्रि लगभग 11 बजे मेरे पड़ोसी मयूर जैन ने मुझे मोबाइल पर सूचना दी की तुम्हारी दुकान में आग लग गई है। सूचना पर में मेरे पिताजी बजे सिंह ठाकुर व भाई राजकुमार तत्काल बस स्टैंड खाचरोद पहुंचे और देखा कि दुकान में आग लगी हुई है। तेज लपटे व धुआ निकल रहा था। फिर हमने वह ग्राम वासियों ने पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। आग जलते जलते पड़ोसी कुलदीप सिंह ठाकुर पिता विक्रम सिंह ठाकुर निवासी ग्राम बापचा बरामद की साइड में मेडिकल दुकान में भी आग लग गई। काफी प्रयास व फायर ब्रिगेड के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना से दुकान का फर्नीचर, दो फ्रिज, कांच के दो काउंटर, खाने-पीने व चाय की सामग्री जलकर राख हो गई। जिससे लगभग 6 लाख रुपए का नुकसान हो गया। वहीं पड़ोसी कुलदीप सिंह ठाकुर की मेडिकल में रखी दवाइयां लगभग 3 लाख की जलकर राख हो गई। मकान मालिक के मकान के शटर व मकान में भी काफी नुकसान हो गया। घटना की पुलिस व पटवारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पटवारी ने पंचनामा बनाया।

कलेक्टर ने वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर तहसील के ग्राम लोटिया में सामुदायिक वन अधिकार तथा वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन की कार्यवाही का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही में तेजी लायें ताकि इस कार्य को जल्द पूरा किया जा सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम सेमली जदीद में व्यवस्थापन संबंधी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थापन की स्थिति और प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत पटवारियों द्वारा किए जा रहे दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की भी निरीक्षण तथा समीक्षा की। उन्होंने पंजीयन कार्य में प्रगति लाने और पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्तियों के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। इसलिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। निरीक्षण के दौरान सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा, इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित संबंधित राजस्व एवं वन अधिकारी उपस्थित रहे।

गोपाल कृष्ण ग्राम योजना के तहत देशी गायों की दुग्ध प्रतियोगिता, मिलेंगे लाखों के पुरस्कार



सीहोर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गोपाल कृष्ण ग्राम योजना के अंतर्गत जिले के चयनित वृंदावन ग्राम अमीरगंज, मैना, धामन्दा एवं श्यामपुर में देशी नस्ल की गायों की दुग्ध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में ग्राम मैना से 7, धामन्दा से 12, श्यामपुर से 6 तथा आमीरगंज से 4 पशुपालक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्देशन में गायों के दूध की तीन समय मिल्किंग कराई जा रही है, ताकि दुग्ध उत्पादन का आकलन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जा सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पशुपालकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उप संचालक पशुपालन डॉ निलेश देसाई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशी नस्ल की गायों के पालन, संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। प्रतियोगिता से पशुपालकों को बेहतर पशुपालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और उन्हें अपनी आय बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

जन विश्वास अभियानः 30 अक्टूबर को महोड़िया में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को सीहोर विकासखंड के महोड़िया में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान जनसमस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शासन और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करने तथा शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी बनाएं।

विद्यार्थियों ने कोतवाली का किया शैक्षणिक भ्रमण

छात्रों को पुलिस के दायित्वों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में 27 अक्टूबर को मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रजन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन के अंतर्गत थाना कोतवाली सीहोर का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पुलिस प्रशासन की संरचना महिला सुरक्षा नागरिकों की शिकायतों के निराकरण तथा आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय की प्रक्रिया से अवगत कराना था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को थाने की विभिन्न शाखाओं उनके दायित्वों तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने थाने की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग किस प्रकार आम नागरिकों की शिकायतों पर कार्रवाई करता है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करता है। इसी क्रम में सहायक उपनिरीक्षक जे.पी. मिश्रा ने थाने के विभिन्न विभागों एवं उनसे संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पुलिस थाने की प्रशासनिक व्यवस्था तथा विभिन्न दायित्वों के निर्वहन की प्रक्रिया से परिचित कराया। उपनिरीक्षक रामचरण नारोलिया ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों एवं रैंकों की संरचना को विस्तार से समझाया। उन्होंने पुलिस विभाग के पदानुक्रम अधिकारियों की जिम्मेदारियों तथा पुलिस प्रशासन में अनुशासन एवं समन्वय के महत्त्व पर प्रकाश डाला। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी श्री गिरीश दुबे ने भी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ का स्वागत किया तथा थाने की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।

उन्होंने पुलिस की कार्यशैली, नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व तथा समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने कानून-व्यवस्था के प्रति जागरूक होने तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

